भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण
चतुर्थ तल, बंगला साहिब मार्ग, काली मंदिर के पीछे
गोल मार्केट, नई दिल्ली–110001

सत्यमेव जयते

AADHAAR

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली, चंडीगढ़ और पटना में निदेशक के पदों को प्रतिनियुक्ति (बाह्य सेवा शर्तों) के आधार पर भरने हेतु रिक्ति परिपत्र।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण अपने क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली, चंडीगढ़ और पटना में 7 वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स लेवल -13 में निदेशक के 4 पदों (दिल्ली में दो, चंडीगढ़ और पटना में एक-एक पद) को प्रतिनियुक्ति (बाह्य सेवा शर्तों) के आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

निर्धारित प्रपत्र में आवेदन निदेशक (मानव संसाधन), भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, बंगला साहिब रोड, काली मंदिर के पीछे, गोल मार्केट, नई दिल्ली - 110 001 को आवेदन भेज सकते हैं। इसे deputation@uidai.net.in पर ईमेल द्वारा भी भेजा जा सकता है। सभी तरह से पूर्ण आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि **14.10.2024** है। चूंकि ये रिक्तियाँ प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जानी है, अतः गैर-सरकारी अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद या अधूरे पाये गए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। विस्तृत विवरण प्राधिकरण की वेबसाइट https://uidai.gov.in/images/VC_39_2024.pdf पर उपलब्ध हैं।

निदेशक (मा. सं.)

आधार नामांकन और अघतन सेवा अब आधार सेवा केंद्रों पर भी उपलब्ध है। नज़दीकी केंद्रों की जानकारी के लिए UIDAI.GOV.IN पर जाएं या 1947 पर कॉल करें।

CBC-54103/11/0059/2425